लोग कहते हैं, किसी एक के जाने से हमारी ज़िन्दगी रूक नहीं जाती,
लेकिन लाखों के आ जाने से भी उस एक की कमी पूरी नहीं होती...

Yash Kothari Public Charitable Trust

# ग्यारहवीं पुण्यतिथि



# स्मृति शेष-यश कोठारी

16 जून 1992 – 01 फरवरी 2015

ग्यारहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर हम सभी परिवार के सदस्य
हार्दिक श्रद्धाजंलि अर्पित करते हैं

दादी – दादा (गोलोकवासी) : सावित्री कोठारी – रामदास कोठारी
माता – पिता : दीप्ती कोठारी – दीपक कोठारी
भाई – भाभी – भतीजी : उदय कोठारी – राधिका कोठारी – सायशा कोठारी
चाचा – चाची – भाई : अजय कपूर – मीनाक्षी कपूर – युवराज कपूर
एवं समस्त कोठारी परिवार



हमारे प्रिय यश कोठारी की स्मृति में यश कोठारी पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा

## "यश कोठारी मेमोरियल हॉस्पिटल"

## पारस हेल्थ केयर

के नाम से सुचारु रुप से चल रहा है।

"जीवन अनमोल हैं, यह अमूल्य हैं"

यश कोठारी चैरिटेबल ट्रस्ट का उद्देश्य है कि सबके जीवन की रक्षा हो,
कोई भी व्यक्ति किसी भी संसाधन के अभाव में अपना जीवन न खोए...

हॉस्पिटल पता : यश कोठारी चौराहा, बैकुंठपुर, बिठूर,
कानपुर नगर - 208017
रजिस्टर्ड ऑफिस : 24/146-B, पटकापुर, कानपुर - 208001
(कल्पना प्लाजा के सामने)






न्यूज ब्रीफ



अजगर को पकड़ते वनकर्मी।

## अजगर दिखने से मचा हड़कंप

**रसूलाबाद :** रसूलाबाद बिल्हौर रोड पर सुनारन बगिया के समीप शुक्रवार शाम करीब 4 बजे अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। अजगर को देख किसानों व ग्रामीणों में दहशत फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। इसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। सूचना पाकर वन गर्मियों ने अजगर को अपने कब्जे में लिया। वन विभाग की टीम पहुंचने के पूर्व ही ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर अजगर को पानी से बाहर निकाल लिया। जबकि वन विभाग टीम उसे अपने कब्जे में लेकर सुरक्षित ले गए। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अजगर को सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़ने की तैयारी की जा रही है। लोगों से अपील की कि ऐसी घटनाओं में घबराएं नहीं और तुरंत प्रशासन को सूचना दें। अजगर पकड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

## गोहत्या के मामले में हुई दो साल की सजा

**कानपुर देहात।** गोकशी के करीब आठ बरस पुराने मामले में अदालत का फैसला आया है। सिकंदरा कस्बे से जुड़े मामले में इरशाद पुत्र इसराइल, राजू पुत्र सुलेमान, जहूर पुत्र खालिक, इरशाद पुत्र आजाद और शमशेर पुत्र यूनुस उर्फ हड्डी द्वारा घर के अंदर गौ हत्या करने के संबंध में पंजीकृत किया गया था। इसमें एक आरोपी राजू पुत्र सुलेमान उपरोक्त द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर न्यायालय एसीजेएम एक उसे दोष सिद्ध करते हुए दो वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। दो हजार का अर्थदंड भी लगाया। शेष आरोपियों के खिलाफ सुनवाई अभी लंबित है।

## कथा के समापन पर हुआ भंडारा

**मंगलपुर।** संदलपुर क्षेत्र के जसापुर गांव में सेगुर नदी के तट पर स्थित श्री भोलेनाथ बाबा के मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन के बाद शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें दोपहर से शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा। वहीं भंडारे में क्षेत्रीय गांवों के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर शैलेंद्र, मुन्ना शर्मा, सुशील कोटेदार , सोनी राठौर, अजय राठौड़ ,शुभम राठौड़, भानु प्रताप सिंह राठौड़, ग्राम प्रधान पंकज तिवारी,रमेश अग्निहोत्री,इंद्रेश सिंह, मुनुवा सिंह चौहान, अर्पित राठौड़, गोपाल सिंह आदि रहे वहीं मंगलपुर क्षेत्र के परहुली गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया ।





पलटा पड़ा आलू से लदा ट्रक, ट्रक से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हुआ बस का केबिन। अमृत विचार

# सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

## चिटिकपुर में बाइक की टक्कर से डीसीएम चालक की मौत, बाराजोड़ में बाइक सवार की थमीं सांसें

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** कानपुर-सिकंदरा हाईवे पर शुक्रवार को देर रात पैदल सड़क पार कर रहे एक डीसीएम चालक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से उसे मेडिकल कॉलेज भिजवाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

रनियां नगर पंचायत के शिवाजी नगर वार्ड निवासी दिलीप गुप्ता उम्र करीब 40 वर्ष डीसीएम चालक था। शुक्रवार की सुबह वह भाड़ा लेकर गया था और देर रात वहां से लौटने के बाद डीसीएम चिटिकपुर चौराहे पर मालिक के दरवाजे खड़ी करके वापस घर लौट रहा था कि तभी चिटिकपुर के पास पैदल सड़क पार करते समय एक बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।



दिलीप गुप्ता। अमृत विचार

घटना के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज भिजवाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी मृतक के घर पहुंची तो कोहराम मच गया। मृतक अविवाहित था और बड़े भाई की मौत के बाद भाभी रीता व उसके बच्चों आरती, पूजा व दीपक के साथ के साथ रहता था। इस संबंध में इंस्पेक्टर रनियां शिवनारायण सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया।

### हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक की जांच शुरू

**कानपुर देहात।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बारा जोड़ पुल पर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में सिकंदरा थाना क्षेत्र के डुबकी गांव निवासी रामसिंह के 35 वर्षीय पुत्र शिवम् की मौके पर ही मौत हो गई। इसी गांव के गंगाराम के पुत्र सुरेंद्र और शंकर लाल के पुत्र अखिलेश बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों और बारा चौकी पुलिस की मदद से घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन व उसके चालक की तलाश में जुट गई है। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हाइवे पर भारी वाहन अक्सर अवैध रूप से खड़े होते हैं जिसके कारण आए दिन ऐसे हादसे होते रहते हैं।

### कोहरे के चलते आलू से लदा ट्रक पलटा

**रसूलाबाद :** शुक्रवार देर रात रसूलाबाद बिसधन मार्ग पर निभू गांव के समीप आलू से लदा एक ट्रक कोहर में सामने से आ रही एक कार को बचाने के प्रयास में पलट गया। संयोग से इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। घटना के संबंध में कानपुर निवासी ट्रक चालक अंकित कुमार ने बताया कि रात लगभग 2 बजे घने कोहरे के चलते रसूलाबाद विषधन रोड पर निभू गांव के समीप सामने से आ रही एक कार को बचाने के चक्कर में उसका ट्रक पलट गया। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है । उसने बताया कि वह मकनपुर से आलू लेकर कानपुर की चकरपुर मंडी जा रहा था। हादसे में ट्रक की बॉडी को नुकसान पहुंचा है, लेकिन चालक और अन्य लोग सुरक्षित हैं। ट्रक चालक इस घटना से काफी परेशान हैं।

## हाईवे पर मुड़े ट्रक से टकराई बस, 5 घायल

**रनियां :** दिल्ली से चलकर बनारस जा रही एक वोल्वो बस रनियां में दुर्घटना का शिकार हो गई। इसमें पांच लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज भिजवाया तथा बस को क्रेन से किनारे कराया। शनिवार की सुबह रनियां कस्बे के किशरवल रोड तिराहे पर आगे चल रहे एक ट्राला ट्रक के चालक ने अचानक परसौली की ओर ट्रक मोड़ दिया इस दौरान पीछे आ रही तेज रफ्तार वोल्वो बस उसमें पीछे से भिड़ गई। बस में करीब 60 सवारियां सफर कर रहीं थीं और सुबह का समय होने के चलते नींद में थीं। अचानक भिड़ंत के बाद सवारियां घबड़ा गई और चीख पुकार मच गई। बस का चालक रामसजीवन निवासी एटा स्टेयरिंग में फंस गया। हादसे में खलासी कल्लू निवासी मथुरा, दिलशाद, इफस, सविता, गोपाल निवासी बनारस घायल हो गए। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक व खलासी को बाहर निकाल कर उपचार के लिए मेडिकल कालेज भिजवाया। बाकी घायल व अन्य सवारियां उपचार के बाद दूसरे साधनों से अपने गंतव्य को रवाना हो गए। दूसरी तरफ, सुबह साढ़े पांच बजे भीषण सर्दी व कोहरे के बावजूद भी स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय दिया और सब-कुछ भूलकर घरों से बाहर निकल कर बस की सवारियों की मदद में जुटे रहे। घरों दुकानों में लोगों को सर्दी से बचाव के लिए जगह देकर बिठाया गया। घायलों को भी बाहर निकालने में मददगार बने। उधर, भीषण दुर्घटना की जानकारी सुबह-सुबह कंट्रोल रूम को मिलते ही एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने कमान संभाली और सभी को अलर्ट मोड पर कर दिया। आनन-फानन में फायर ब्रिगेड की गाड़ी, दो-तीन एंबुलेंस तथा इंस्पेक्टर रनियां सहित पुलिस बल मौजूद रहा।



मतदान के दौरान व्यवस्था में लगे अधिवक्ता। अमृत विचार

# माती कचहरी में 86.38 फीसदी मतदान, अंतिम दिन फिर बढ़े बूथ

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- बार काउंसिल के लिए 940 में से 812 अधिवक्ताओं ने की वोटिंग

**अमृत विचारः** यूपी बार काउंसिल के चुनाव में कानपुर देहात जिले में पंजीकृत 940 मतदाताओं में से 812 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। इस तरह करीब 86.38 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। मतदान के पहले दिन 30 जनवरी को शुरूआत में 10 मतदान बूथ स्थापित किए गए थे। वोटिंग में विलंब देख सात और पोलिंग बूथों की स्थापना कराई गई। इस तरह कल 17 बूथों पर वोट पड़े।

आज फिर जैसे ही अधिवक्ताओं की संख्या बढ़ी और लंबी कतारें बनने लगीं, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव एवं वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने चुनाव अधिकारियों से वार्ता की और उन्हें स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद तत्काल अतिरिक्त बूथों की संख्या और बढ़ाई गई। इसका सीधा लाभ यह हुआ कि अधिवक्ताओं को न तो लंबे समय तक लाइन में खड़ा होना पड़ा और न ही मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की रुकावट आई।

शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित चुनाव सम्पन्न कराने में जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, महामंत्री घनश्याम सिंह राठौर, जिला बार माती मुख्यालय अध्यक्ष शैलेन्द्र तिवारी, महामंत्री अरविन्द कुशवाहा तथा पूर्व महामंत्री संजय सिसोदिया के नेतृत्व में अधिवक्ताओं की टीम की अहम भूमिका रही। परितोष सिंह चन्देल, प्रवीण कुमार, जितेन्द्र बाबू, रोहित शुक्ला, योगेन्द्र प्रताप सिंह, सुशील कटियार एवं महेन्द्र सिंह लगातार व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रहे।

# नई फोटो अपलोड कर वोटर लिस्ट से हटाएं धुंधली फोटो

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** जिला निर्वाचन अधिकारी कपिल सिंह ने शनिवार को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत कंपोजिट स्कूल बारा में स्थापित बूथ संख्या 196, 197, 198, 199, 200, 201 एवं 202 तथा प्राथमिक विद्यालय नबीपुर (नागिन जसी) स्थित बूथ संख्या 183, 184 एवं 185 का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता सूची के सार्वजनिक वाचन की प्रक्रिया का अवलोकन किया गया तथा ड्राफ्ट मतदाता सूची की प्रविष्टियों की जांच की गई।

इस अवसर पर डीईओ द्वारा जिन मतदाताओं की फोटो स्पष्ट नहीं पाई गई, उनकी फोटो पुनः लेकर अद्यतन (अपडेट) कराने के निर्देश संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को दिए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बीएलओ को प्रिव्यू ऑप्शन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा फॉर्म-6 के अंतर्गत नए मतदाताओं के पंजीकरण की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही फॉर्म के साथ आवश्यक अभिलेख संलग्न कराने एवं घोषणा पत्र पर आवेदक के हस्ताक्षर सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक बीएलओ से मोबाइल ऐप का संचालन कराकर उसकी कार्यप्रणाली भी परखी गई तथा त्रुटिरहित एवं समयबद्ध डाटा अद्यतन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता एवं अद्यतनता लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला है, जिसे सुनिश्चित करना सभी संबंधित अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर तहसीलदार अकबरपुर पवन सिंह, बीएलओ आदि उपस्थित रहे।

# मास्टर ट्रेनरों ने दिया प्रशिक्षण

**मंगलपुर।** संदलपुर ब्लॉक सभागार में शनिवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम में दूसरे दिन मास्टर ट्रेनरों ने बच्चों को खेल-खेल से सिखाने की तकनीक समझाई। मास्टर ट्रेनर आंगनबाड़ी सुपरवाइजर विनय कुमारी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तीन से 6 वर्ष तक के बच्चों के साथ खेल खेल कर अक्षर ज्ञान सिखाने के टिप्स बताएं। उन्होंने बताया कि खेल की विधि से सिखाने से बच्चे का मानसिक विकास होता है। बच्चे जल्दी सीखते हैं। मास्टर ट्रेनर मनोज कुमार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि अगर किसी बच्चे की पोषण की कमी को दूर करना है तो उस बच्चे को पौष्टिक आहार और आयरन युक्त पदार्थ जैसे बाजरा का भोजन आदि दे जिससे बच्चे में पोषण की कमी दूर हो सके।

## पंथा देवी के वार्षिकोत्सव पर सुंदरकांड पाठ

**शिवली।** कस्बे के लंका मैदान स्थित पंथा देवी दरबार में रविवार को मंदिर के वार्षिक उत्सव पर भंडारे का आयोजन किया जायेगा।मंदिर के महंत मनोज तिवारी ने बताया कि अबकीबार पंथा देवी मंदिर 6ठवां वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें मंदिर का भव्य शृंगार किया जाएगा। साथ सुंदरकांड का पाठ और सत्यनारायण की कथा भी होगी। जिसके बाद भंडारे का आयोजन किया जायेगा

कार्यक्रम | स्नेहलता गुप्ता मेमोरियल डिग्री कालेज में उमंग महोत्सव का समापन

# विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** स्नेहलता गुप्ता मेमोरियल डिग्री कालेज में चल रहे पांच दिवसीय उमंग महोत्सव के समापन दिवस पर छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक नाट्य प्रस्तुतियों व मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करके दर्शकों की तालियां और भूरि भूरि सराहना प्राप्त की।

मुख्य अतिथि संत कुमार गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि कौशल कुमार गुप्ता व स्वामी शरण गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रबंधक विनीत कुमार गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य डीपी शुक्ला, दुर्गेश त्रिपाठी सहित



छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य। अमृत विचार

शिक्षक उपस्थित रहे। जिनका विद्यालय के उप प्रबंधक प्रवेश कुमार यादव एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अमित कुमार गुप्ता ने स्वागत किया। समापन दिवस पर सभी आए हुए मुख्य व विशिष्ट अतिथियों ने विभिन्न स्पर्धा में विजई छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल प्रदान कर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई मां सरस्वती की वंदना ,रिपब्लिक डे स्पेशल, मोटिवेशनल एक्ट, चार युग , मां दुर्गा स्तुति, फोक डांस एवं ऑपरेशन सिंदूर जैसे आकर्षक नाट्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और पंडाल तालिया की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।



## सुविचार



हम सभी महान कार्य नहीं कर सकते, पर छोटे-छोटे कार्यों को बड़े प्रेम से कर सकते हैं। छोटे-छोटे कार्यों में निस्वार्थ प्रेम, शांति, और जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। -मदर टेरेसा


# अमृत विचार

कानपुर महानगर

कानपुर, रविवार, 1 फरवरी 2026


### कानपुर के प्रमुख समाचार


- रहमानी मार्केट के बगल में भीषण आग-II
- युवक की मौत, शादी वाले घर में मचा कोहराम-II
- जयघोष के साथ निकला नगर कीर्तन -IV



अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


# आज रविवार को भी खुलेगा शेयर बाजार

## शहर से 300 करोड़ रुपये का शेयर कारोबार होने का अनुमान

**बजट आज**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आ शनिवार और रविवार को शेयर बाजार बंद रहता है। बावजूद इसके 1 फरवरी को शेयर बाजार खुलेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि 1 फरवरी को आम बजट पेश होने वाला है। शेयर बाजार में सिर्फ शहर से लगभग 3 सौ करोड़ का कारोबार हो सकता है।

शेयर बाजार विशेषज्ञ राजीव सिंह ने बताया कि आम बजट के दिन शेयर बाजार खोलना इसलिए जरूरी होता है क्योंकि बजट में हुए एलानों को शेयर बाजार बहुत गंभीरता से लेता है। जिस सेक्टर को फायदा होता है उससे जुड़े कंपनियों के शेयरों में खरीदारी देखने को मिलती हैं वहीं जिस सेक्टर को बजट से अपेक्षित समर्थन नहीं मिलता है उससे जुडी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली देखने को मिलती है। इसी संवेदनशीलता को देखते हुए शेयर बाजार को बंद रखना निवेशकों के लिए जोखिम भरा माना जाता है।

### 30 फीसदी अधिक ट्रेडिंग

- बजट के दिन शहर के निवेशक भी खासे सक्रिय रहते हैं। पिछले अनुभव बताते हैं कि बजट वाले दिन सामान्य दिनों की तुलना में 25 से 30 फीसदी अधिक ट्रेडिंग वॉल्यूम देखने को मिलता है। इस बार रविवार होने के कारण निवेशकों को पूरे दिन बाजार पर नजर रखने का मौका मिलेगा, जिससे कारोबार और बढ़ सकता है। अनुमान है कि शहर से करीब 3 सौ करोड़ रुपये का केवल कैश सेगमेंट में कारोबार हो सकता है। सेबी द्वारा जारी किये गए नवीनतम मंथली बुलेटिन से पता चलता है कि दिसम्बर के महीने में एनएसई कैश सेगमेंट में कानपुर की हिस्सेदारी 0 .24 प्रतिशत थी। वहीं एनएसई कैश सेगमेंट में दिसम्बर 2025 में कुल कारोबार 4,989 करोड़ का हुआ था। दैनिक औसत कारोबार के लिहाज़ से ये आंकड़ा करीब 227 करोड़ रूपये प्रतिदिन का हुआ। इसके अलावा बीएसई कैश सेगमेंट में कानपुर की औसत हिस्सेदारी 0 .067 प्रतिशत है।

### बनती है पोजीशन

- बजट वाले दिन इंट्राडे ट्रेडिंग का वॉल्यूम आमतौर पर ज्यादा रहता है। बजट भाषण के दौरान और उसके तुरंत बाद बाजार में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है। कई निवेशक पहले से बनी पोजीशन पर मुनाफावसूली करते हैं, जबकि कुछ निवेशक बजट के एलानों के आधार पर नई पोजीशन बनाते हैं। बजट के दिन निवेशकों की नजर मुख्य रूप से बैंकिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे, डिफेंस, कैपिटल गुड्स, एफएमसीजी, रियल एस्टेट और एनर्जी सेक्टर पर रहेगी।

पिछले कुछ वर्षों में बजट की भूमिका केवल सरकारी आय-व्यय तक सीमित नहीं रह गई है। यह अब शेयर बाजार की दिशा तय करने वाला सबसे बड़ा आर्थिक इवेंट बन चुका है। यही कारण है कि छुट्टी के दिन भी शेयर बाजार खोलने का फैसला लिया जा रहा है। हालांकि, निवेशकों के लिए यह दिन जितना कमाई का अवसर है, उतना ही जोखिम से भरा भी है। जल्दबाजी और भावनात्मक फैसले निवेशकों को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। -राजीव सिंह, शेयर विशेषज्ञ

## महंगाई हो कम, टैक्स से मिले छूट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आम बजट से इस बार महिलाओं को काफी उम्मीद है। उनका मानना है कि सरकार इस बार बजट में महिलाओं के लिए बेहतरी का काम करेगी। खासतौर पर महंगाई पर काबू किए जाने जैसे प्रावधान बजट में शामिल होंगे। इसके अलावा ऐसे भी घोषणाएं बजट में हो सकती हैं जिनसे महिलाओं को टैक्स में राहत मिल सके।

बजट पर महिलाओं का यह भी कहना है कि सरकार पिछले बजट में भी महिलाओं के हितों के प्रावधान कर चुकी है। वित्तमंत्री खुद महिला हैं इसलिए वे महिलाओं की आर्थिक समस्याओं को पूरी तरह समझती हैं। ऐसे में बजट में महंगाई को कम करने के लिए प्रावधान शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा आयकर में भी महिलाओं को अधिक छूट हासिल हो सकती है। जिससे महिलाओं को अपनी बचत या आय पर कम टैक्स देना हो। उधर बैंक में ब्याज और मेडिकल सुविधाओं पर भी खास ख्याल रखा जा सकता है।



इस वक्त महंगाई काफी अधिक है। इसके पीछे की एक वजह पेट्रोल और डीजल के बढ़े हुए दाम भी हैं। मुझे लगता है कि यदि इनमें लगाम लगी तो महंगाई काफी हद तक कम हो सकेगी। महंगाई कम होने से घरेलू बजट पर ही असर पड़ेगा। इससे घरों में बचत भी संभव हो सकेगी। - अनीशा भट्टाचार्या



मुझे लगता है कि बजट में कामकाजी महिलाओं को विशेष राहत दी जाएगी। सरकार का फोकस महिला शिक्षा व महिला अधिकारों पर है। ऐसे में महिलाओं की आय और बचत में बढोतरी हो सके इसके लिए विशेष प्रावधान होंगे। आयकर में भी महिलाओं को टैक्स में छूट का लाभ दिया जा सकता है। -डॉ. रोनल कुमार



महिला वित्तमंत्री से यह उम्मीद है कि इस बार वे बजट में महिलाओं के हितों के लिए प्रावधान जरूर लाएंगी। ऐसी सहूलियत देंगी जिससे महिलाओं की आय में बचत हो सके। खासतौर पर रोजाना इस्तेमाल होने वाली घरेलू वस्तुओं पर छाई महंगाई पर विशेष ध्यान इस बार बजट में दिया जा सकता है। -कल्पना अंशवानी



बजट लिबरल माना जा रहा है। ऐसे में बजट में महिलाओं के लाभ से जुड़े प्रावधान जरूर हो सकते हैं। खासतौर पर महंगाई कम होने और महिलाओं को आयकर में छूट का विशेष प्रावधान भी हो सकता है। महिला उद्यम से जुड़ी कई सहूलियत भी बजट में संभव हो सकती है। -नित्या चावला

## हादसों के कारणों का पता लगाएंगी 20 टीमें

**कानपुर।** सड़क हादसों का पता लगाने के लिए 20 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। ये टीम इस बात का पता लगाएगी कि सबसे ज्यादा किस प्रकार के हादसे हो रहे हैं ताकि उनपर लगाम लगायी जा सके।

शनिवार को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा यातायात भवन में क्रिटिकल कॉरिडोर टीम के प्रभारी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक का उद्देश्य यातायात दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करना था। सेफ लाइफ फाउंडेशन के साथ समन्वय स्थापित करके उनके अनुभवों एवं सुझावों के आधार पर उपाय लागू करने पर चर्चा की गई।

डीसीपी ट्रैफिक ने निर्देशित किया कि प्रत्येक सड़क दुर्घटना की गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध विवेचना सुनिश्चित की जाए जिससे दुर्घटनाओं के वास्तविक कारणों की पहचान हो सके और भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। दुर्घटना संभावित स्थलों पर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु होल्डिंग एरिया के चिन्हीकरण के लिए 18 थाना क्षेत्रों में कुल 20 टीमों का गठन किया गया।

### शहर में आज



- **धार्मिक आयोजन :** प्रयाग नारायण मंदिर में ब्रह्मोत्सव शोभा यात्रा दोपहर 3 बजे।
- **बजट :** लघु उद्योग भारती का बजट टेलीकास्ट स्वरूप नगर में सुबह 11 बजे।
- आईआईए की ओर से बजट पर चर्चा आईआईए भवन पनकी में सुबह 11 बजे।
- **जयंती :** कांग्रेस मुख्यालय तिलक हॉल में रविदास की जयंती समारोह शाम 4 बजे।
- संत रविदास जयंती पर समरसता भोज पंचायती अड्डा सावित्री नगर में दोपहर 2 बजे।
- **प्रतियोगिता :** एमएचएम पब्लिक स्कूल नौबस्ता में कला प्रतियोगिता सुबह 11 बजे।

### सिटी ब्रीफ

#### कनिष्ठ सहायक की परीक्षा आज

**कानपुर।** कानपुर के 26 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को कनिष्ठ सहायक की पराक्षा प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक होगी। इस परीक्षा में 12000 छात्र परीक्षा देंगे। परीक्षार्थियों की एआई से निगरानी होगी और बायोमेट्रिक के साथ ही कंट्रोल रुम से जांच होगी।

#### स्टेशन पर बच्चे अकेले दिखें तो 139 मिलायें

**कानपुर।** आरपीएफ के प्रभारी सिद्धनाथ पाटीदार ने बताया कि कानपुर संेट्रल स्टेशन पर अकेले घूमते बच्चों को उनके घर पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यदि किसी को कोई अकेले बच्चा घूमता दिखाई दे तो 139 पर कॉल करें।

#### दक्षिण जोन में चौकी प्रभारियों का फेरबदल

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने प्रशासनिक आवश्यकता के तहत चार चौकी प्रभारियों समेत सात उपनिरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया है। राम मनोहर को थाना जूही से गुजैनी चौकी का प्रभारी बनाया गया, जबकि चन्द्रभानु को गुजैनी से हटाकर नौबस्ता थाना भेजा गया। प्रवीण शर्मा को थाना बाबूपुरवा से अर्रा चौकी का प्रभार दिया गया और छत्रपाल सिंह को चौकी अर्रा से हटाकर थाना सेन पश्चिम पारा स्थानांतरित किया गया। नौबस्ता थाना मे ही तैनात कौशल कुमार मिश्र को हंसपुरम चौकी प्रभारी और राहुल कुमार को हंसपुरम चौकी बदले यशोदा नगर चौकी का प्रभार सौंपा गया। यशोदा नगर चौकी प्रभारी देवेंद्र कुमार को डीसीपी दक्षिण के सर्विलांस सेल में तैनात किया गया है।


www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


### नयनाभिराम....



माघी पूर्णिमा की पूर्व संध्या बेला में जे. के. मंदिर में महाआरती से मनोहरी छटा बिखरी जो नयनों को मंत्र-मुग्ध कर गई। आचार्य पंडित सुमित ने सहयोगी आचार्यों के साथ महाआरती की। • अमृत विचार

## लौटा कोहरा : ट्रेन संचालन धड़ाम, फ्लाइट भी लेट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कड़ाके की ठंड के चलते बसों पर भी बुरा असर, कई रद्द
- 1639 से अधिक ट्रेन यात्रियों ने टिकट लौटाए

**अमृत विचार।** रात में अचानक मौसम ने करवट बदली तो रेलवे, परिवहन से लेकर एयरलाइंस तक का सारा सिस्टम धड़ाम हो गया। कोहरे में कानपुर से दिल्ली के मध्य दर्जनों ट्रेनें रेंगती रहीं। वीआईपी ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय से कई घंटे चल रही हैं।

शनिवार को भुवनेश्वर, कोलकाता, पटना, गुवाहाटी से नई दिल्ली तक चलने वाली राजधानी एक्सप्रेस कई घंटे लेट रहीं। नई दिल्ली से कानपुर तक चलने वाली श्रमशक्ति एक्सप्रेस भी सुबह के बजाय 5 घंटे देरी से पहुंची।

नई दिल्ली लखनऊ जाने वाली स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस भी कानपुर 3 घंटे लेट आई। वाराणसी से नई दिल्ली मध्य चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस भी 2 घंटे देरी से कानपुर आई। इसी प्रकार 100 से अधिक ट्रेनें लेट रहीं जबकि कड़ाके की ठंड में यात्रियों को रातभर स्टेशन पर ट्रेनों का इंतजार करना पड़ा। ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते 1639 से अधिक यात्रियों ने अपना टिकट वापस करा दिया।

इसी प्रकार शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा से रात में चलने वाली बसों को यात्री नहीं मिले। खुले आसमान के नीचे कड़ाके की ठंड में यात्री कई कई घंटे बसों के चलने का इंतजार करते रहे लेकिन बाद में रद्द हो गयीं।



### विमानों में यात्रियों की अच्छी संख्या

- कानपुर आने वाले विमान भी लेट रहे। बेंगलुरु फ्लाइट दोपहर 1.03 बजे 225 यात्रियों को लेकर आई और दोपहर 1.36 बजे 205 यात्रियों को लेकर रवाना हुई। दिल्ली फ्लाइट दोपहर 2.22 बजे 177 यात्रियों को लेकर कानपुर आई और दोपहर 2.53 बजे 179 यात्रियों को लेकर दिल्ली टेकआफ किया। मुंबई फ्लाइट में 179 यात्री आए, ये फ्लाइट दोपहर 2.52 बजे आई और दोपहर 3.32 बजे 172 यात्रियों को लेकर मुंबई के लिए उड़ान भरी।


समर्थ हॉस्पिटल
डा० मिलन सचान
M.S., FAIS, FIAGES, FMAS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन कन्सलटेन्ट सर्जन
हमारे यहाँ हर प्रकार के ऑपरेशन तथा हर प्रकार के मरीजों का इलाज उपलब्ध है।
नम्बर लगवाने के लिए सम्पर्क करें - 7081011022
3- कॉम 1/14 आवास विकास, अम्बेडकर पुरम, कानपुर एलआईसी बिल्डिंग के सामने


## कैंट-महाराजपुर विस क्षेत्रों के बूथों पर पहुंचे डीएम

**कानपुर।** मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए शनिवार को जनपद के सभी 3770 बूथों पर बूथ डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कैंट एवं महराजपुर विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

शनिवार को जिलाधिकारी ने कैंट विधानसभा क्षेत्र के श्री नागर जी विद्यालय इंटर कॉलेज, कृष्णा नगर स्थित बूथ संख्या 87 से 90 का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ और उपस्थित नागरिकों से संवाद किया।

## हत्या में अधिवक्ता समेत तीन को उठाया, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नाराज अधिवक्ताओं ने थाने के बाहर बवाल किया

**अमृत विचार।** आईआईटी के पूर्व डिप्टी रजिस्ट्रार राजाराम वर्मा की हत्या के मामले में नवाबगंज पुलिस ने एक अधिवक्ता और दो अन्य कारोबारियों को हिरासत में लिया है। तीनों से नवाबगंज थाने में पूछताछ चल रही है। हत्या के मुख्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। अधिवक्ता को हिरासत में लिए जाने से नाराज अधिवक्ताओं ने थाने के बाहर हंगामा किया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित गंगा नगर हाउसिंग सोसाइटी में रहने वाले राजाराम वर्मा (78) वरिष्ठ अधिवक्ता थे। वह आईआईटी में डिप्टी रजिस्ट्रार के पद से रिटायर हुए थे। कचहरी में वकालत करते थे। 22 दिसंबर 2021 को उनकी उनके घर के गेट पर ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने उनके बेटे नरेंद्र देव की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने के साथ ही फत्तेपुर बिठूर निवासी अंकित यादव, चौबेपुर के हकीमनगर निवासी शूटर दिलन्याज उर्फ रिहान और चौबेपुर के बूढ़नपुर निवासी रोहित को जेल भेज दिया था। मुख्य साजिशकर्ता परमियापुरवा निवासी राम खिलावन ने सरेंडर कर दिया था। इस मामले में राजाराम पाल के बेटे ने पुलिस कमिश्नर को पत्र देकर आरोप लगाया था कि मामले में शामिल कई साजिशकर्ताओं पर कार्रवाई नहीं हुई। अब पुलिस ने दोबारा विवेचना शुरू की और एक अधिवक्ता व दो कारोबारियों को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए दोनों कारोबारी मैनावती मार्ग स्थित एक हाउसिंग सोसाइटी के डायरेक्टर बताए जा रहे हैं।



नवाबगंज थाने के बाहर धरना देकर हंगामा करते अधिवक्ता। अमृत विचार

### बाजार

24 घंटे के भीतर चांदी और सोना के दाम में आई गिरावट

## सोना-चांदी निकले बड़े बेवफा, दो दिन में खफा

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिस तेजी से सोने और चांदी के भाव ऊपर जा रहे थे, अब उससे ज्यादा रफ्तार से नीचे आते जा रहे हैं। मात्र 24 घंटे के भीतर चांदी 48 हजार और सोना 11 हजार रुपये सस्ता हो गया है।

कानपुर सराफा बाजार में शनिवार को सोना 1,64,000 रुपये का 10 ग्राम और चांदी 3,02,000 रुपये किलो रही। एक दिन पहले चांदी 3,50,000 और दो दिन पहले 4,00,000 रुपये किलो थी। दो दिन में चांदी के भाव 98 हजार रुपये गिर गए। इसी तरह एक दिन पहले सोना 1,75,000 और दो दिन पहले 1,82,000 रुपये का 10 ग्राम था। यानि मात्र दो दिन में 18 हजार रुपये की गिरावट। यह हाल आम बजट के ठीक एक दिन पहले का है। दोनों धातुओं का ट्रैक रिकार्ड बताता है कि पिछले एक महीने में इस तरह से कीमत का उतार-चढ़ाव कभी नहीं हुआ। भाव में इस तरह के उतार-चढ़ाव के पीछे अंतर्राष्ट्रीय हालात के साथ बड़ा खेल सटोरियों का है। पहले भाव उठा कर लालच बढ़ाया और फिर मुनाफा वसूली के बाद दाम ठंडे कर दिए। रोज पैसा लगाने और बड़े पैमाने पर निवेश करने वाले तबाह हो गए। दाम हद से ऊंचे हुए तो बड़े खिलाड़ियों ने सोना और चांदी बेचकर तगड़ा मुनाफा कमा लिया। बाजार में चांदी और सोने की खूब आमद हुई और फिर मांग घट गई। इसका सीधा असर यह हुआ कि दाम धड़ाम हो गए।

खास बात यह कि बड़े खिलाड़ी सब समझ रहे थे और छोटे बढ़ता मुनाफा देख रकम लगाते गए और अब दाम गिरने के बाद बर्बादी के मुहाने पर आ गए। हां, जिसके पास पूंजी और धैर्य है, वह खामोशी से सोना और चांदी बेचने के बजाय दाब कर बैठा है, ताकि दाम चढ़ने पर मुनाफा कमाया जा सके।

नयागंज सराफा के बड़े चांदी कारोबारी विकास ओमर का कहना है कि चीन और अमेरिका के बीच तनातनी, कुछ बड़े देशों के बीच युद्ध की आशंका और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे ट्रेड वॉर दोनों धातुओं के दाम में उतार-चढ़ाव का बड़ा कारण है। उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन के मंत्री राम किशोर मिश्र का कहना है कि दाम में गिरावट से आम आदमी को राहत मिली है। सहालग में गहने कुछ सस्ते हो गए।



**11** हजार रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता हुआ सोना



**48** हजार रुपये किलो घटे चांदी के दाम

## सेंट्रल स्टेशन से सोलापुर के लिए विशेष ट्रेन कल

**कानपुर।** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की भीड़ को देखते हुए 2 फरवरी को कानपुर सेंट्रल स्टेशन से सोलापुर के लिए विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है, इस ट्रेन में स्लीपर कोच 3, सामान्य 11 कोच, 2 पार्सल यान होंगे। गाड़ी संख्या -4002 कानपुर सेंट्रल स्टेशन से प्रातः 8.20 बजे रवाना होगी। उरई प्रातः 10.0 8 बजे, झांसी दोपहर 12.40 बजे, बीना दोपहर 3.30 बजे, रानी कमलापति सायं 5.45 बजे, इटारसी सायं 7.55 बजे, खंडवा रात 10.58 बजे, भुसावल रात 1 बजे, जलगांव रात 1.38 बजे, मनमाड भोर 4.15 बजे, अहमद नगर प्रातः 6.30 बजे, सोलापुर दोपहर 12.30 बजे पहुंचेगी।

## गंगागंज में घर में आग

**कानपुर।** गंगागंज पनकी स्थित श्री राम चौराहा पर एक घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आस-पास के घरों में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही पनकी फायर स्टेशन की दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया लेकिन तब तक घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया।


सिल्क वीव्स एक्सपो
कानपुर में पहली बार
भारत की सबसे बड़ी सिल्क एक्सपो
EXHIBITION-CUM-SALE
Silks - Linens - Shawls - Wedding Ethnics
Showcasing the Art of Hands
सिल्क महोत्सव
अंतिम 2 दिन !
Upto 60% OFF
23 जनवरी से 2 फरवरी
प्रातः 11 से रात्रि 9 बजे तक
लाजपत भवन
मोती झील एवेन्यू, हर्ष नगर, कानपुर
टेक्सटाइल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत
CONTACT - 6006747682 पार्किंग एवं एंट्री फ्री

## सिटी ब्रीफ

### नष्ट कराई गई 800 पेटी शराब

**कानपुर।** बिठूर में ऑपरेशन क्लीन के तहत नौ साल से थाने में रखी फर्जी स्टीकर लगी शराब की 800 पेटियां शनिवार को जेसीबी से गड्ढा खोदकर नष्ट कराई गई। फर्जी स्टीकर लगी शराब 2016 में मंधना इलाके में बंद पड़ी फैक्ट्री से पकड़ी गई थी। केमिकल भरे ड्रम के साथ कई ब्रांड की देशी व नकली स्टीकर लगी शराब बरामद हुई थी। शराब नष्टीकरण के दौरान एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार, बिठूर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज, आबकारी निरीक्षक आशा परिहार और आबकारी विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सागौन की लकड़ी लदी पिकअप पकड़ी

**कानपुर।** महाराजपुर के लक्खा पुरवा गांव में पुलिस ने अवैध रूप से काटे गए सागौन के पेड़ों से भरी पिकअप पकड़ी है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर गांव में बिना अनुमति सागौन के पेड़ काटे गए हैं। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने छापेमारी की तो करीब 12 पेड़ काटे जाने की पुष्टि हुई। खेत मालिक राम नारायण यादव निवासी लक्खा पुरवा और सुनील कुमार गुप्ता निवासी झकरकटी को पुलिस ने पिकअप में लकड़ी लादकर मंडी ले जाते समय पकड़ा। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर वाहन सीज किया गया है।

### राजमिस्त्री से 15 सौ रुपये की ठगी

**कानपुर।** बिठूर के कुरसौली निवासी अजय कमल उर्फ छोटू से साइबर ठगों ने 15 सौ रुपये ठग लिए। शातिर ने फोन कर धमकाया कि न्यूड वीडियो देखते हो, कार्रवाई होगी। इस पर वह डर गए और मामला निपटाने के नाम पर रुपये ट्रांसफर कर दिए। राजमिस्त्री अजय ने बताया कि सुबह उनके पास व्हाट्सएप कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि वह दिल्ली से डीएसपी बोल रहे हैं। फिर तुम्हारे खिलाफ इंटरनेट मीडिया पर अश्लील वीडियो देखने की रिपोर्ट दर्ज हुई और चालान के 15 सौ रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दो। जब फिर से ठगों ने 1000 हजार रुपये मांगे तो अजय को ठगी का अहसास हुआ और उसने मंधना चौकी में लिखित शिकायत की।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# रहमानी मार्केट के बगल में भीषण आग

## आग में फंसे आधा दर्जन से अधिक लोगों को बचाया गया, बिरयानी, मिठाई की तीन दुकानों में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


दुकानों में लगी भीषण आग। अमृत विचार


आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तलाक महल स्थित रहमानी मार्केट के बगल में लाल कुआं के पास दो मिठाई और एक बिरयानी की दुकान में आग लगी जिससे अफरातफरी मच गयी। इस आग में फंसे आधा दर्जन से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

तलाक महल लाल कुआं में मोहम्मद शमीम के दो मंजिल मकान के ग्राउंड फ्लोर पर अफजाल और दिलशाद की मिठाई की दुकान है जबकि अकील बिरयानी का पतीला लगाते हैं। पहली मंजिल पर मोहम्मद शमीम और चार किराएदार हैं। शनिवार सुबह शमीम के मकान में स्थित दिलशाद की मिठाई की दुकान में शनिवार तड़के 5.30 बजे शार्ट सर्किट से आग लगी जो कुछ ही देर में अफजाल और अकील की दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। उधर से गुजर रहे लोगों ने शोर मचाया और लपटें उठती देख पड़ोसी अयाज अहमद ने घटना की जानकारी पुलिस और लाटूश रोड फायर स्टेशन को दी।

अग्निशमन अधिकारी कैलाश चंद्र समेत लाटूश रोड, फजलगंज और कर्नलगंज फायर स्टेशन की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। घटना के समय बिरयानी की दुकान में कई कारीगर सो रहे थे। दुकानों में गैस सिलेंडर भी रखे थे जिससे अफरातफरी मच गयी। दुकानों में घी व तेल आदि होने के कारण कुछ ही देर में आग की ऊंची-ऊंची लपटे शमीम के पहली मंजिल तक पहुंचने लगीं, जिससे शमीम और कई परिवार के लोग फंस गये। उधर बिरयानी की दुकान में सो रहे कई कर्मचारियों का धुएं के कारण दम घुटने लगा। घनी आबादी वाले इलाके में आग लगने से हड़कंप मच गया। फायर कर्मियों ने पहली मंजिल में फंसे शमीम और किराएदारों को बरामदे के रास्ते से सुरक्षित बाहर निकाला और फिर दुकान में फंसे दो कर्मचारियों का रेस्क्यू किया गया। इसके बाद कर्मचारियों ने दुकान में रखे गैस के तीन सिलेंडरों के बारे में फायर कर्मियों को जानकारी दी। आनन-फानन में फायर कर्मियों से गैस सिलेंडर बाहर निकाला।

# करबिगवां के पीयूष बने कार्यवाहक डीजीपी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 1993 बैच के अधिकारी हैं पीयूष कानपुर आईआईटी से एमटेक किया है


करबिगवां के पीयूष पांडे।

**अमृत विचार।** नर्वल के करबिगवां निवासी 1993 बैच के आईपीएस पीयूष पांडे पश्चिम बंगाल के कार्यवाहक डीजीपी बने हैं। पीयूष के एक्टिंग डीजीपी बनने पर शनिवार को पटकापुर स्थित उनके चाचा के आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। शुभचिंतकों ने उनके चचेरे भाई आशुतोष के गले मिलकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। पीयूष पांडे को भी फोन कर शुभकामनाएं दीं। पटकापुर बिहारीजी मंदिर निवासी चचेरे भाई आशुतोष पांडे ने बताया कि पीयूष 1993 बैच के अधिकारी हैं। मूलरूप से करबिगवा के रहने वाले हैं। आशुतोष के पिता स्व. डॉ. कृष्ण बिहारी पांडेय गांव से पटकापुर आ गए थे और पीयूष के पिता अवध बिहारी पांडे रांची स्थित हैवी इलेक्ट्रिकल कॉरपेरेशन में असिस्टेंड डायरेक्टर थे। परिवार के साथ रांची में रहे। पीयूष की शुरूआती शिक्षा व बीटेक रांची से हुई, लेकिन एमटेक कानपुर आईआईटी से किया। पीयूष की एकलौती बहन डॉ. रिचा बाजपेयी गुड़गांव में रहती हैं। उनके पति डॉ. पंकज बाजपेयी कॉर्डियक सर्जन हैं। जिन्हें अभी हाल में ही प्रयाग नारायण शिवला मानस संगल में कानपुर गौरव सम्मान मिला है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार के सेवानिवृत्त होने पर भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पीयूष पांडे को शुक्रवार को पश्चिम बंगाल का कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त किया गया है। आशुतोष के अनुसार पीयूष की पत्नी डॉ. मीनाक्षी व दो बेटे प्रभव और सनत हैं।

# सड़क हादसे में युवक की मौत शादी वाले घर में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कार सवार ने घायल को घसीटकर सड़क किनारे किया और मौके से हुआ फरार
- चचेरे भाई की शादी का कार्ड बांटने निकला था युवक, पीछे से कार ने मारी टक्कर

**अमृत विचार।** नौबस्ता में शादी का कार्ड बांटने निकले युवक को तेज रफ्तार कार ने जबरदस्त टक्कर मार दी। गंभीर घायल युवक सड़क पर तड़पने लगा। यह देख कार सवारों ने उसे अस्पताल पहुंचाने के बजाय घसीटकर सड़क किनारे कर दिया और भाग निकले। मोहल्ले के एक प्रोफेसर ने पुलिस को खबर दी। युवक को कांशीराम हॉस्पिटल फिर हैलट भेजा गया। जहां इलाज के दौरान शनिवार तड़के युवक ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर पर शादी वाले घर में कोहराम मच गया।

देवकीनगर निवासी शिव कुमार यादव की 2017 में मौत हो चुकी है। परिवार में पत्नी सुमन व दो बेटे अनुराग व 26 वर्षीय प्रांजुल था। चाचा धर्मेंद्र यादव ने बताया कि परिवार में चार व आठ फरवरी को शादी है। भतीजा प्रांजुल गुरुवार


प्रांजुल यादव।

रात 10 बजे बाइक से शादी का कार्ड बांटने निकला था। वह घर से करीब 150 मीटर दूर पहुंचा था। तभी तिराहे पर सड़क किनारे बाइक लगाकर खड़ा हो गया। पीछे से आई तेज गति कार तिराहा के टी-प्वाइंट पर स्पीड से मुड़ी और भतीजे को जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर घायल प्रांजुल सड़क पर गिर गया, यह देखकर कार सवार अस्पताल पहुंचाने के बजाय उसे खींचकर सड़क किनारे कर दिया और भाग निकले। कार सवारों की यह हरकत सीसीटीवी में देखकर तिराहा पर रहने वाले प्रोफेसर पंकज शुक्ला घर से बाहर निकले और पुलिस को खबर दी। प्रांजुल को कांशीराम ट्रामा सेंटर फिर हैलट में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार तड़के उसकी मौत हो गई। धर्मेंद्र के अनुसार कार में महिलाएं भी सवार थी, जिन्हें दूसरी कार मंगाकर उससे भेजा गया। युवक कार लेकर फरार हो गए। यह सब सीसीटीवी में कैद है। उन्होंने बताया कि रात दो बजे पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। प्रांजुल के चचेरे भाई आदित्य की चार फरवरी को शादी है। दोस्तों व करीबियों को कार्ड देने के लिए वह निकला था। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज से कार की पहचान कराई जा रही है। परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## स्टेशन पर विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर शराब तस्करी का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है, जीआरपी और आरपीएफ ने चेकिंग के दौरान फिर एक शराब तस्कर को फिर गिरफ्तार किया है, उसके कब्जे से 96 बोतल महंगी विदेशी शराब बरामद की गई है। तस्करों ने बताया कि कानपुर से सस्ते दामों में शराब खरीदकर बिहार ले जाकर बेची जा रही है।

सेंट्रल स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी सिद्धनाथ पाटीदार, जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह की अगुवाई में शनिवार को संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।

इस दौरान प्लेटफार्म नंबर 10 के आगे हैरिसगंज पुल के पास बिहार बेगूसराय के रहने वाले तस्कर राम कुमार को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस विदेशी शराब की अनुमानित कीमत 50,000 रुपये आंकी गई है।

# अप-लाइन टनल ट्रैक का निर्माण सेंट्रल से स्वदेशी रैंप के बीच पूरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


नौबस्ता तक 'अप-लाइन' पर टेस्टिंग प्रक्रिया जल्द शुरू करने की तैयारी।

**अमृत विचार।** कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-1 आईआईटी - नौबस्ता के बचे हुए सेक्शन (कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता) के तहत लगभग 3 किमी लंबे अंडरग्राउंड सेक्शन (कानपुर सेंट्रल - स्वदेशी कॉटन मिल रैम्प) की 'अप-लाइन टनल' में ट्रैक निर्माण का कार्य शनिवार को पूरा हो गया। इसके साथ ही अब कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक 'अप-लाइन' ट्रैक पूरी तरह बनकर तैयार है। आने वाले दिनों में इसपर मेट्रो की टेस्टिंग प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।

मेट्रो की ओर से कॉरिडोर-1 के लगभग 8 किमी लंबे बचे सेक्शन में कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक कुल 7 स्टेशन आते हैं। इनमें से लगभग 3 किमी हिस्सा (कानपुर सेंट्रल से स्वदेशी कॉटन मिल रैम्प तक) अंडरग्राउंड और लगभग 5.30 किमी हिस्सा (बारादेवी से नौबस्ता तक) एलिवेटेड है। बारादेवी से नौबस्ता तक लगभग 5.30 किमी लंबे एलिवेटेड सेक्शन में ट्रैक निर्माण कार्य अक्टूबर 2025 में पूरा किया जा चुका है। एलिवेटेड सेक्शन की दोनों लाइनों ('अप-लाइन' और 'डाउनलाइन') पर ट्रैक निर्माण के साथ-साथ थर्ड रेल और सिग्नलिंग उपकरणों के इंस्टॉलेशन का कार्य भी पूरा किया जा चुका है। एलिवेटेड सेक्शन पर ट्रैक निर्माण पूरा करने के बाद लगभग 3 किमी लंबे अंडरग्राउंड सेक्शन के 'अप-लाइन टनल' में ट्रैक निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई थी, जिसे पूरा कर लिया गया।

# ऑटो में गहनों व रुपये से भरा डिब्बा गायब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीटीआई चौराहे से बर्रा-दो जाते समय वारदात

**अमृत विचार।** गोविंदनगर के सीटीआई चौराहे से ऑटो में बैठकर बर्रा-दो जा रही एक महिला के बैग में रखा गहनों व नगदी से भरा डिब्बा रास्ते में गायब हो गया। पीड़िता ने ऑटो में सवार दो महिलाओं पर शंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस शातिरों की तलाश में सीसीटीवी के फुटेज खंगाल रही है।

उन्नाव के बीघापुर निवासी सुशीला कनौजिया का मायका बर्रा-दो में है। उनके भाई दीपक के अनुसार, सुशीला के बेटे विनीत की 11 मार्च को शादी है, जिसके चलते वह ज्वैलरी खरीदने आ रही थीं। शुक्रवार को वह बेटी वैशाली के साथ बीघापुर से चलकर सीटीआई चौराहे पहुंचीं। ऑटो न मिलने पर वे शनिदेव मंदिर की ओर बढ़ीं, तभी पीछे से आए एक ऑटो में सवार हो गईं। ऑटो में पहले से तीन महिलाएं बैठी थीं। मायके पहुंचने पर बैग खोलने पर उसमें रखा डिब्बा गायब मिला, जिसमें करीब साढ़े तीन लाख रुपये नगद और पुराने जेवर थे। सूचना पर गोविंदनगर पुलिस पहुंची, लेकिन क्षेत्राधिकार बर्रा थाना होने से मामला वहां स्थानांतरित किया गया। इस मामले पर बर्रा थाना प्रभारी रविंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# अलंकार ने की आंदोलन की घोषणा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पहले माता जी से आशीर्वाद लिया फिर आंदोलन की घोषणा की
- अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान के विरोध में दिया है त्यागपत्र


बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री का स्वागत हुआ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी में किये गये संशोधन और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान के विरोध में इस्तीफा देने का दावा करने वाले बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री कानपुर अपने आवास पहुंचे और यूजीसी के विरोध में आंदोलन की घोषणा की।

अलंकार अग्निहोत्री पद से इस्तीफा देने के बाद पहली बार अपने मूल आवास केशव नगर पहुंचे तो घर की महिलाओं ने शंखनाद से उनका स्वागत किया। उनकी मां गीता अग्निहोत्री ने माला पहनाकर अपने बेटे को गले लगाया। उनके समर्थकों की भीड़ जुट गई और उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि 2027 के चुनाव को देखते हुए एक सोची समझी साजिश के तहत यूजीसी एक्ट लाया गया था क्योंकि केंद्र सरकार की लड़ाई राज्य सरकार से है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और कायस्थों के खिलाफ 95 प्रतिशत शिकायतें फर्जी होती हैं, इसलिए हमारा अगला कदम काले कानून एससी/एसटी एक्ट को वापस कराना है।

उन्होंने कहा कि जल्द ही वे शंकराचार्य जी से मिलने जाएंगे।

## बंद घर की दीवार फांदकर की चोरी

**कानपुर।** नर्वल में धरमंगतपुर गांव निवासी कामता यादव के अनुसार शुक्रवार रात उनके मकान में कूदे चोर नकदी-जेवर समेत अन्य माल चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि बेटी की डिलीवरी के लिए वह अस्पताल गए थे और घर बंद था। इसी बीच चोर पीछे से दीवार फांदकर अंदर घुसे और खिड़की तोड़कर घर में रखी नकदी, जेवर व अन्य सामान ले गए। उन्होंने बताया कि चोरी गए सामान का पूरा आकलन अभी नहीं हो पाया है, क्योंकि बेटी रविवार को अस्पताल से लौटेगी तब जानकारी मिल सकेगी कि कितना जेवर गया है। नर्वल थाना प्रभारी अखिलेश पाल ने बताया कि मामले में गांव के ही एक युवक पर आरोप है, हालांकि अभी तक तहरीर नहीं मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी के वाहनों संग चार बाइक चोर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के सरगना समेत चार सदस्यों के गिरफ्तार किया है। गैंग में दो नाबालिग भी हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के चार वाहन समेत कुछ वाहनों के स्क्रैप बरामद किए हैं। गैंग का सरगना एक अस्पताल में वार्ड बॉय है।

डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि चकेरी में कुछ दिनों पहले दो बाइक चोरी हुई थीं। जिसके बाद पुलिस की टीम सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की तलाश में जुटी थी। जिसके चलते पुलिस ने चकेरी गांव के पास से आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने अपना नाम फतेहपुर के जहानाबाद के रोटी निवासी सत्यम सैनी, जहानाबाद के बसफरा का सचिन यादव बताया। साथ ही दो आरोपी नाबालिग हैं। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि आरोपियों के पास से चोरी के चार दो पहिया वाहन समेत तीन वाहनों का स्क्रैप बरामद हुअ हैं। एक आरोपी ने बताया कि वह बीएससी फाइनल का छात्र है। खर्च के कारण बाइक चोरी कर फतेहपुर में नाबालिग साथी को सौंप देता था।

वहीं गैंग का सरगना सत्यम सैनी ने बताया कि वह बी-फार्मा के बाद एक अस्पताल में वार्ड बॉय है। वह कानपुर समेत फतेहपुर में वाहनों को पार करता था। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि आरोपियों को जेल भेजा गया है।

**बदलाव** — कानपुर सेंट्रल स्टेशन से काठगोदाम तक चलती है गरीब रथ

# काठगोदाम गरीब रथ मार्च से रहेगी निरस्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर के लोग मार्च और अप्रैल में नैनीताल की वादियों में घूमने के लिए बड़ी संख्या में लोग जाते हैं। जिससे कानपुर से काठगोदाम तक चलने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस में गर्मी के सीजन में सीट खाली नहीं मिलती लेकिन इस ट्रेन को 31 मार्च से 2 जून 2026 तक के लिए निरस्त कर दिया गया है। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि कई गाड़ियों को निरस्त किया गया है जबकि कई के रूट में कटौती की गई है।

### ये गाड़ियां निरस्त रहेंगी

- गाड़ी संख्या 12209 कानपुर सेंट्रल स्टेशन से काठ गोदाम 31 मार्च से 2 जून तक निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 12210 काठगोदाम से कानपुर सेंट्रल स्टेशन 30 मार्च से 1 जून तक निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 22431 सूबेदारगंज से शहीद कैप्टन तुषार महाजन 31 मार्च से 30 मई तक रद्द रहेगी।
- गाड़ी संख्या 22432 शहीद कैप्टन तुषार महाजन से सूबेदारगंज 1 अप्रैल से 31 मई तक रद्द रहेगी।
- गाड़ी संख्या 22705 तिरुपति जम्मूतवी 31 मार्च से 26 मई तक निरस्त रहेगी।
- गाड़ी संख्या 22706 जम्मूतवी तिरुपति 3 अप्रैल से 29 मई तक रद्द रहेगी।

### ये गाड़ियां आंशिक निरस्त रहेंगी

- गाड़ी संख्या 12549 दुर्ग शहीद कैप्टन तुषार महाज 31 मार्च से 26 मई तक जालंधर कैंट तक जाएगी।
- गाड़ी संख्या 12550 शहीद कैप्टन तुषार महाजन दुर्ग 2 अप्रैल से 28 मई तक जालंधर तक चलेगी।
- गाड़ी संख्या 20433 सूबेदारगंज से श्री माता वैष्णो कटरा 31 मार्च से 31 मई तक अंबाला से चलेगी।
- गाड़ी संख्या 20434 श्रीमाता वैष्णो कटरा से सूबेदारगंज 1 अप्रैल से 1 जून तक अंबाला से चलेगी।
- गाड़ी संख्या 20847 दुर्ग शहीद कैप्टन तुषार महाजन 25 मार्च से 27 मई तक अंबाला से चलेगी।
- गाड़ी संख्या 20848 शहीद कैप्टन तुषार महाजन दुर्ग 27 मार्च से 29 मई तक अंबाला से चलेगी।

### सेंट्रल स्टेशन से बेंगलुरु के लिए विशेष ट्रेन कल



**कानपुर।** रेलवे प्रशासन ने कानपुर सेंट्रल स्टेशन से बेंगलुरु के लिए विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। ये ट्रेन सोमवार यानी 2 फरवरी को सेंट्रल स्टेशन से रवाना होगी। इस ट्रेन में स्लीपर 5, जनरल 10 और 2 पार्सलयान होंगे। गाड़ी संख्या 04005 कानपुर सेंट्रल स्टेशन से दोपहर 3 .10 बजे रवाना होगी। उरई सायं 4 .45 बजे, झांसी सायं 7 .30 बजे, इटारसी रात 2 .35 बजे, नागपुर मंगलवार को प्रात: 7 .15 बजे, महबूब नगर रात 9 .25 बजे, बेंगलुरु बुधवार को दोपहर 1 बजे पहुंचेगी।

## सड़क किनारे पड़ा मिला टेनरी कर्मी का शव

**कानपुर।** जाजमऊ नए गंगापुल पर सड़क किनारे संदिग्ध हालात में टेनरीकर्मी का शव पड़ा मिला। कर्मी शुक्रवार को घर से उन्नाव स्थित टेनरी में काम के लिए निकला था। उसके बाद नहीं लौटा। सूचना पर पुलिस ने जांच-पड़ताल की। हादसे की आशंका जताई है। जाजमऊ के सरैयां निवासी मोहम्मद आबिद ने बताया कि उनका 40 वर्षीय भाई मोहम्मद साबिर अखलाक नगर गंगाघाट में रहता था। उन्नाव के बंथर में एक टेनरी में काम करता था। परिवार में पत्नी मुन्नी, एक बेटा और तीन बेटियां हैं। आबिद ने बताया कि वह शुक्रवार को घर से टेनरी के लिए निकला था। शनिवार सुबह साबिर का शव नए गंगापुल की शुरुआत में सड़क किनारे पड़ा मिला।

# कोहरे में डंपर डिवाइडर पर चढ़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी में शनिवार तड़के घने कोहरे के कारण अनियंत्रित डंपर डिवाइडर से टकराकर उसपर चढ़ गया। जिससे डंपर का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया। डंपर चालक भी केबिन में फंस गया। दमकल कर्मियों ने इलेक्ट्रिक कटर व स्प्रेंडर से केबिन को काटा और चालक को सुरक्षित बाहर निकालकर इलाज के लिए कांशीराम अस्पताल भेजा।

घाटमपुर से मौरंग लादकर डंपर शनिवार तड़के लखनऊ जा रहा था। चकेरी के कोयलानगर पहुंचने पर घना कोहरा होने के कारण चालक को रास्ता नहीं दिखाई दिया और डंपर कोयलानगर फ्लाईओवर पर ऊंचे डिवाइडर से जा टकराकर उस पर चढ़ा गया। जिससे डंपर का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक सत्येंद्र भी फंस गया।


रामादेवी में डिवाइडर पर चढ़ा ट्रक। अमृत विचार

### फ्लाईओवर पर डिवाइडर पर चढ़ा ट्रक

**कानपुर।** चकेरी में रामादेवी फ्लाईओवर पर शनिवार तड़के कोहरे के कारण एक और ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया। ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक चालक व कंडक्टर बाल-बाल बचे। महोबा के ट्रक चालक चेतन ने बताया की कंडक्टर पुष्पेंद्र के साथ कबरई से गिट्टी लादकर लखनऊ जा रहे थे। शनिवार तड़के तीन बजे वह रामादेवी फ्लाईओवर के पास पहुंचे, तभी घना कोहरा होने के कारण रैंप पर चढ़ने के दौरान ट्रक डिवाइडर से टकराकर घुस गया। किसी तरह ट्रक को नियंत्रित कर खुद व कंडक्टर को सुरक्षित किया।







CLUBHOUSE • SWIMMING POOL • GYM • WALKING TRACK • OPEN KIDS' PLAY AREA • GAZEBO • HALF BASKET BALL COURT
BADMINTON COURT • COMMUNITY HALL • INDOOR GAMES AREA • 3 HIGH SPEED ELEVATORS • CAR STACKER PARKING SYSTEM

*T&C Apply

NOTE THAT THE FUNDS ARE TO BE DEPOSITED IN BELOW COLLECTION ACCOUNT ONLY

| | | |
|---|---|---|
| ACCOUNT NAME | : | RATAN HOUSING DEVELOPMENT LIMITED COLLECTION ACCOUNT FOR SHRI KRISHNA RATAN |
| ACCOUNT NO. | : | 0255002900000078 |
| BANK | : | PUNJAB NATIONAL BANK |
| BRANCH | : | MALL ROAD, KANPUR |
| BRANCH ADDRESS | : | KANPUR, UTTAR PRADESH - 208001 |
| IFSC CODE | : | PUNB0025500 |

**Project Name:** Shri Krishna Ratan
**Project Id:** (UPRERAPRJ890175/12/2025)
**Registration / Launch Date:** 03-12-2025

**Promoter Name:**
**RATAN HOUSING DEVELOPMENT LIMITED**
**Promoter Id:** (UPRERAPRM15031)

## FOR BOOKINGS CONTACT:

**7800001409 | 8009003939**
**8009005151 | 8009005252**

**RATAN HOUSING DEVELOPMENT LTD.**
An ISO 9001:2015 Certified Company
KANPUR • LUCKNOW • NCR • PUNE • GOA

**REGD. OFFICE :** 113/70 SWAROOP NAGAR, KANPUR NAGAR.
**SITE ADDRESS:** MAINAWATI MARG, OPPOSITE ISKCON TEMPLE, KANPUR

**Website:** www.ratanhousing.com
**Email:** Office@ratanhousing.com
Follow us on:

All contents including designs, layouts, amenities, facilities, images displayed/provided are solely for informational purposes and are not intended to constitute a solicitation. These are artistic impressions/schematic representations of the project showcased and are indicative of the project that can be built. All dimensions are in meter, 1 Sq. m = 10.764 Sq. Ft.. The given measurements are brick to brick dimensions where the thickness of finishes is not considered. Furniture, fittings and fixtures, equipments and interiors are shown for better understanding of the layout and are not part of the standard offering. This material does not constitute a contract of any type between the developer/promoter/owner and the recipient. Nothing should be construed to be final. Since the project is under evolution, there is a possibility that there may be certain changes made to the project as represented within promotional materials. Any minor additions or alterations if required in the project shall be done by keeping in mind the provision of RERA. All interested buyers are requested to verify all relevant details pertaining to this project independently prior to concluding any decision for buying any unit within this project. For accurate and up to date information regarding services, pricing, availability and any other details, it is recommended to contact us directly through the provided contact information. The developer is not responsible for the consequences of any action taken by the viewer relying on such information/material. Terms and conditions apply.

## सिटी ब्रीफ

### 11 बीघा जमीन पर चला बुलडोजर

**कानपुर।** केडीए की ओर से शनिवार को अवैध प्लाटिंग पर बुल्डोजर चलाया गया। इस अभियान में 11 बीघा क्षेत्रफल पर बने अवैध प्लॉटो को ध्वस्त किया गया। अभियान के दौरान संजय, तुलसीराम व अन्य 1068, 1069, 1070 व अन्य कटरी ख्यौरा, बनियापुरवा (पानी की टंकी के पास) कानपुर नगर लगभग 11 बीघा अवैध व अनाधिकृत प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान निर्माणाधीन भवन के साथ रोड, नाला, बाउण्ड्रीवाल, बिजली के खम्भे, पिलर, इन्ट्रीगेट को गिराया गया।

### चोरी में वांछित को माल समेत दबोचा

**घाटमपुर।** बीते दिन साढ़ थाना क्षेत्र के अमौर गांव से चोरों ने भैंस सहित उसके बच्चे को चुरा लिया था। पीड़ित द्वारा थाना साढ़ में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि थाना साढ़ के सब इंस्पेक्टर अविनाश कुमार, गौरव, गगन मिश्रा तथा रोहित कुमार की टीम ने जहानाबाद मार्ग पर दौलतपुर मोड़ के पास से सुबह करीब पांच बजे जनपद कन्नौज के निडर सिंह 25 को संबंधित मुकदमे में माल सहित गिरफ्तार कर लिया गया। उसके बाद उसे न्यायालय भेजा गया।

### आग लगने से गृहस्थी का सामान राख

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत इटर्रा के एक घर में अचानक आग लग गई। जिससे गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर जब तक फायर ब्रिगेड की टीम वहां पहुंचती और आग बुझाती तब तक गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। घाटमपुर के इटर्रा गांव में शनिवार को तालाब के बगल में बने सुनील कुमार कुशवाहा और उमेश कुमार के घरों में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। जबतक टीम आग पर काबू पाती तब तक गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया।

### आचार्य डॉक्टर शिव बालक द्विवेदी के ग्रंथ का लोकापर्ण

**कानपुर।** पंडित शिव बालक द्विवेदी ने अपने ज्ञान, साधना और समर्पण से न केवल विद्या जगत को आलोकित किया बल्कि अपनी सरलता विनम्रता और मानवीय गुणों से समाज को भी प्रेरित किया। उनके संस्मरण को लिखना मानो ऐसे युग की स्मृति को पुन: जीना है जिसमें विद्या और साधना का अद्भुत संगम दिखाई देता है। शनिवार को डीबीएस कॉलेज गोविंद नगर में आचार्य डॉक्टर शिव बालक द्विवेदी के संस्मरण ग्रंथ के लोकापर्ण एवं संस्कृत संगोष्ठी में ये बात उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहीं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि द्विवेदी जी अपने जीवन को संस्कृत भाषा और साहित्य के अध्ययन एवं प्रचार के लिए समर्पित किया था। संस्कृत की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रीती राठौर, कार्यक्रम संयोजिका प्रोफेसर प्रत्यूष वत्सला द्विवेदी द्वारा प्रशस्ति पत्र का वाचन किया गया। विशिष्ट अतिथि विधायक सुरेंद्र मैथानी मुख्य वक्ता प्रोफेसर ओम प्रकाश पांडेय ने विचार रखे। संचालन डॉ. अनीता निगम एवं डॉ. राम प्रकाश शास्त्री ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार शुक्ला, प्रो. सीएम सक्सेना, प्रो केके श्रीवास्तव, प्रो. राजीव सिंह, डॉ. अनिता सिंह, डॉ गौतम हाल डॉ अनुपम दुबे, डॉ ज्ञान प्रकाश, डॉ. रश्मि दुबे, डॉ सीमा निगम आदि थे।

# बोले सो निहाल जयघोष संग निकला नगर कीर्तन

## गुरु हरिराय जी महाराज के प्रकाश पर्व पर शबद से संगत निहाल, गतके का शानदार प्रदर्शन किया गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


गोविंद नगर से निकला नगर कीर्तन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गुरु नानक जी के सातवें स्वरूप साहिब श्री गुरु हरिराय जी महाराज के प्रकाश पर्व पर गोविंद नगर से नगर कीर्तन निकाला गया जिसमें संगत के द्वारा बोले सो निहाल, सतश्री अकाल का जयघोष किया गया।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ब्लाक-4 गोविन्द नगर की ओर से खालसा कालेज हाल गोविन्द नगर कानपुर में दो दिवसीय प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। शनिवार को प्रथम दिन भोर में नगर कीर्तन निकाला गया। ये नगर कीर्तन प्रातः 6 बजे आरंभ हुआ। खूबसूरत पालकी में सवार श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आगे पंजप्यारे चल रहे थे। उनके आगे लोग सड़कों पर फूलों की बारिश करते चल रहे थे। नगर कीर्तन में सबसे आगे रणजीत अखाड़ा एवं दषमेश शस्त्र दल गतका पार्टी की ओर से गतके का बेहतरीन प्रदर्शन किया जा रहा था, उसके पीछे गोविन्द नगर के सभी जत्थो सहित कानपुर के अन्य कई शबदी जत्थे भी कीर्तन करते हुए

- खालसा कालेज हाल में रात्रि दीवान का आयोजन भी

चल रहे थे। नगर कीर्तन में बोले सो निहाल, सत् श्री अकाल गुंजायमान रहा। देर रात खालसा कालेज हॉल में रात्रि के दीवान के दौरान रागी जत्थों एवं कथा वाचकों ने कीर्तन और कथा के द्वारा संगत को निहाल किया। सरदार हरजीत सिंह, इंद्रपाल सिंह, रमिंदर सिंह सोनू रेखी सतपाल सिंह, गुरप्रीत सिंह, अवतार सिंह, जसपाल सिंह, अमरजीत सिंह व टीपी सिंह सोनू तथा अमरीक सिंह आदि मौजूद रहे।


गुरु हर राय अकादमी में लंगर हुआ। अमृत विचार

# गुरु हर राय अकादमी में शबद गायन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गुरु के प्रकाशोत्सव पर रागी जत्थों के साथ ही छात्राओं ने भी गाए शबद

**अमृत विचार।** गुरु हर राय अकादमी के प्रांगण में गुरु हरि राय साहिब जी का 396 वां प्रकाशोत्सव बड़ी श्रद्धा से मनाया। विद्यालय की छात्रा जसलीन कौर ने आरती एवं शबद 'हम घर साजन आए.... बलदीप सिंह ने समूह में बसंत चढ्या फूली बनराई.... अमृतलीन कौर ने समूह में 'आओ जी तू आओ हमारे.... आदि शबद पाठ किए। भाई रकम सिंह जी ने कीर्तन किया एवं गुरुजी के जीवन पर आधारित प्रसंगों पर प्रकाश डाला। कक्षा पीजी के हृदयान सिंह ने गुरु हरिराय जी पियारे..... यूकेजी के मनराज सिंह ने 'धन गुरु हरिराय जी...पाठ किया। इसके अतिरिक्त ऐशलीन कौर, गुनीत कौर एवं फातिमा सिद्दीकी ने गुरु हरराय जी के जीवन पर आधारित प्रेरणात्मक वृतान्तों का उल्लेख किया। सीनियर ग्रुप की जसलीन कौर, जपप्रीत कौर एवं पाहुल सैनी द्वारा ढाडी के समूह गान के बाद दरबार साहिब अमृतसर से आए भाई मनदीप सिंह ने कीर्तन किया। भाई महिपाल सिंह ने अरदास की। स्कूल के प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह, स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# रविपुष्य योग के संयोग में आज माघी पूर्णिमा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्नान के लिए घाट तैयार दिया जाएगा दान

**अमृत विचार।** माघी पूर्णिमा रविवार को रविपुष्य नक्षत्र में मनाई जाएगी। इस दिन स्नान-दान की मान्यता के चलते घाटों को तैयार किया गया है। मंदिरों में भी विशेष पूजन व श्रृंगार होगा।

ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार माघ पूर्णिमा की तिथि का आरंभ 1 फरवरी को सुबह 5 बजकर 52 मिनट से होगा। इसका समापन 2 फरवरी को रात 3 बजकर 38 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार माघ पूर्णिमा 1 फरवरी रविवार को मनेगी। रविवार और माघ पूर्णिमा का संयोग बहुत ही शुभ और फलदायी माना जाता है। माघ पूर्णिमा के दिन इस बार रवि पुष्य योग बन रहा है। ज्योतिष में रवि पुष्य योग को बहुत ही शुभ माना गया है और इस योग में कुछ कामों को करने पर जीवन में तरक्की और उन्नति के अवसरों में वृद्धि होती है। रवि पुष्य योग तब बनता है जब रविवार और पुष्य नक्षत्र का संयोग होता है। इस कारण से इसे रवि पुष्य नक्षत्र योग के नाम से जाना जाता है। इस बार 1 फरवरी को रवि पुष्य योग के अलावा सर्वार्थ सिद्धि योग भी बनेगा। ऐसे में इस दिन किया कार्य बहुत ही शुभ और सफल होगा, श्री सत्यनारायण व्रत कथा का पाठ भी अवश्य करना चाहिए। पौराणिक कथाओं के अनुसार माघ पूर्णिमा के दिन देवता स्वयं पृथ्वी पर आकर पवित्र नदियों में स्नान करते हैं। इस दिन स्नान करने वाले व्यक्ति को देवताओं का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है। माना जाता है कि स्वयं भगवान विष्णु माघ मास में त्रिवेणी संगम (प्रयागराज) में निवास करते हैं, इसलिए यहां स्नान का विशेष महत्व है। राजा भगीरथ ने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए गंगा को पृथ्वी पर अवतरित कराया था। इसलिए, माघ मास में स्नान से पितरों को भी तृप्ति मिलती है। इस दिन अन्न, वस्त्र, तिल, गुड़, कम्बल आदि का दान करना चाहिए।


समाजसेवियों का सम्मान किया गया। अमृत विचार

# समाजसेवियों और पत्र वितरकों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किदवई नगर सेंटर पर समाचार पत्र वितरक एसोसिएशन द्वारा सेवा का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 31 कर्मयोगियों, समाजसेवी, वितरकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष संजय मिश्र, संयोजक सुरेंद्र शुक्ल, महामंत्री वरुण शुक्ला, जयप्रकाश त्रिवेदी, डॉ. विवेक मिश्रा, महेंद्र शुक्ल, जयशील सिंह, श्यामू दीक्षित, कमलेश द्विवेदी, पप्पू, राजकपूर आदि रहे।

# मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण कार्यशाला

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा एवं मुएथाई एसोसिएशन कानपुर के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में एक दिवसीय मुएथाई मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मुएथाई मार्शल आर्ट्स की तकनीकों, आत्मरक्षा एवं फिटनेस के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. श्रवण कुमार यादव विभाग अध्यक्ष शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग), डॉ. निमिषा सिंह कुशवाह (सचिव, स्पोर्ट्स काउंसिल), डॉ. प्रभाकर पांडे, सौरभ तिवारी, अभिषेक मिश्रा, शुभम हजरिया व धर्मेंद्र कुमार शामिल रहे।

# एलन हाउस विवि प्रथम, शारदा को दूसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


सीएसजेएमयू में हैकॉशोध में विजयी युवा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू में दो दिवसीय हैकॉशोध में युवाओं ने भविष्य की तकनीकी उत्पादों की झलक दिखाई। कानूनी दांवपेंच के लूपहोल को उजागर करने वाले एप व दिव्यांगों की सहायता के लिए बने प्रोटोटाइप मॉडलों ने ईनामों पर कब्जा किया। 24 घंटे लगातार चलने वाली प्रतियोगिता में एलन हाउस यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नालॉजी कानपुर ने पहला व शारदा विश्वविद्यालय आगरा ने दूसरा स्थान हासिल किया। तीसरे स्थान पर सीएसजेएमयू की टीम को मिला।

प्रतियोगिता में स्कूल व कॉलेज दो वर्ग में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में कॉलेज वर्ग में पहला स्थान हासिल करने वाली टीम को अपनी उत्कृष्ट तकनीकी क्षमता और तीनों चरणों में शानदार प्रदर्शन के लिए विजयी घोषित किया गया। दूसरे स्थान पर आने वाली टीम ने कानूनी दस्तावेजों में छिपे हुए लूपहोल और खंडों की पहचान करने की क्षमता के लिए समाधान तलाशने के लिए विजेता चुना गया। तीसरे स्थान पर सीएवजेएमयू की टीम ने पैकेज्ड फूड के पीछे स्कैनर का उपयोग कर संभावित स्वस्थ विकल्पों की पहचान करने वाले नवाचार के लिए विजयी चुना गया। प्रतियोगिता के दौरान स्कूल श्रेणी में पहला पुरस्कार द अनस्टापबल टीम को मिला। दूसरे स्थान पर टीम ने दृष्टिहीन लोगों के लिए सुरक्षित सड़क पार करने में सहायता करने वाले नवोन्मेषी विचार और प्रोटोटाइप के लिए विजेता घोषित किया गया। दूसरा पुरस्कार ट्राईकैच को हासिल हुआ। प्रतियोगता के दौरान अवनी यादव, दिव्यांश मिश्रा, प्रशांत तिवारी व समृद्धि सिंह मौजूद रहे।

# धनुष टूटते ही लगे जय श्रीराम के जयकारे, जमकर हुई पुष्पवर्षा

संवाददताता, घाटमपुर


प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण जी की आरती करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत जुरेया गांव में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद रात्रि में धनुष भंग का आयोजन किया गया।

जुरेया गांव में रात हुई रामलीला में धनुष भंग का आयोजन किया गया। यहां पर रामलीला की शुरुआत में प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण की आरती करने के बाद वाणासुर संवाद, जनक विलाप, धनुष भंग के बाद सीता स्वयंवर, राम विवाह के साथ परशुरामी का आयोजन हुआ। इस दौरान जनक विलाप सुनकर राम भक्तों की आंखें नम हो गईं। इसके बाद धनुष टूटते ही पूरा पांडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। साथ ही पांडाल में मौजूद श्रद्धालुओं ने जमकर पुष्प वर्षा की। उसेक बाद मंच पर आये परशुराम और लक्ष्मण के बीच जबरदस्त संवाद हुआ, जिसे सुनने के लिये दर्शक सुबह तक डटे रहे। रामलीला का उद्घाटन जिला अध्यक्ष प्रधान संघ रवि शंकर अग्निहोत्री उर्फ लाला अग्निहोत्री, शिव हरी धाम के ट्रस्टी पंडित शिवकुमार द्विवेदी एवं मिथिला शरण दुबे ने फीता काटकर किया।

इस दौरान कार्यक्रम के अध्यक्ष ओम नारायण अग्निहोत्री उर्फ ओम बाबा, चौबेपुर पूर्व प्रधान राजेश अवस्थी, पूर्व प्रधान पुली पांडे, आदर्श कालिंदी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव पांडे, भोलू पांडे कोटेदार, मनोज तिवारी सहित आदि मौजूद रहे।

# खेत में मिला युवक का शव ठंड से मौत की आशंका

संवाददताता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** ककवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैरवापुर (खण्ड उठ्ठा) में एक युवक का शव गेहूं के खेत में मिलने से सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्टया मामला अत्यधिक ठंड से खेत में गिरने का प्रतीत हो रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, खैरवापुर निवासी जगमोहन दिवाकर (पुत्र सिपाहीलाल) शुक्रवार शाम करीब 5 बजे घर से बाजार के लिए कुरेह गांव निकले थे। देर रात तक जब वह घर वापस नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। हालांकि, घने कोहरे के कारण रात में उनका कहीं पता नहीं चल सका। शनिवार सुबह जगमोहन का शव गांव के ही रामकृपाल के गेहूं के खेत में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

घटना की सूचना पर ककवन थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। एसओ जीतेन्द्र राजपूत के अनुसार जगमोहन का शव साइकिल सहित खेत में गिरा हुआ पाया गया। शरीर पर किसी भी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में वह साइकिल सहित खेत में गिर गए और अत्यधिक ठंड व कोहरे के कारण उठ नहीं पाए, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। तभी आगे की कार्रवाई तय होगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


केडीएमए स्कूल में ट्राफी का प्रदर्शन किया गया। अमृत विचार

### शहर आई टी-20 ट्रॉफी

**कानपुर।** केडीएमए इण्टरनेशनल स्कूल में शनिवार को आईसीसी मेन्स टी-20 क्रिकेट बर्ल्ड कप-2026 ट्राफी को प्रदर्शित किया गया। ट्राफी का स्वागत केडीएमए ग्रुप ऑफ स्कूल्स के विद्यार्थियों एवं युवा क्रिकेटर्स ने किया। इस दौरान यूपीटी 20 लीग एवं केडीएमए ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डा. संजय कपूर भी मौजूद रहे। मीडिया संस्थान के निदेशक सुधीर शुक्ला मयूर समूह के सुनील गुप्ता, आनंद बिल्डर्स के एमडी आनन्द गुप्ता, कामरान टेनरी के निदेशक कामरान अहमद व कोच मनीष मेहरोत्रा भी समारोह में शामिल रहे। समारोह में चाइनामैन क्रिकेटर कुलदीप यादव के पिता राम सिंह यादव ने बच्चों को सफलता के लिए कड़ी मेहनत का गुरुमंत्र दिया। टी 20 टीम द्वारा बच्चों के लिए कुछ रोचक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने खूब बढ़-बढ़कर हिस्सा लिया। ट्राफी को प्रचारित करने के लिए विद्यालय में दो शुभंकर भी उपस्थित थे। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका सहगल ने टी20 टीम व कुलदीप यादव के पिता व सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

**बढ़ी परेशानी** — लखनऊ-इटावा राजमार्ग पर लगा जाम, एक ट्रक हुआ दुर्घटनाग्रस्त

# लापरवाही की भेंट चढ़ा नाला निर्माण

संवाददाता, बिल्हौर


खुदा पड़ा नाला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला पंचायत निधि से कस्बा ककवन में नाला निर्माण हो रहा है। काफी प्रयासों के बाद नाला निर्माण की प्रक्रिया शुरू तो हो गई, लेकिन नाला निर्माण अब स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए जी का जंजाल बन गया है। थाने के समीप चल रहे इस निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों और प्रबंधन की घोर अनदेखी के चलते शनिवार की शाम एक बड़ा हादसा हो गया। शनिवार को कई बार ऐसी स्थिति बनी जब कई हादसे होते नजर आए। हालांकि कोई बड़ी घटना तो नहीं घटी, अगर स्थिति में सुधार न हुआ तो निश्चित ही किसी दिन बड़ी घटना हो सकती है।

नाला निर्माण के दौरान नाले से निकाली गई सिल्ट (कीचड़ और मलबा) को सड़क पर ही छोड़ दिया गया है, जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार शाम इसी मलबे और अव्यवस्था के कारण एक अनियंत्रित ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगा विद्युत पोल से टकरा गया इसके चलते पोल टूटकर गिर गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घंटों तक लखनऊ-इटावा राजमार्ग पर आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा।

वहीं स्थानीय दुकानदारों और आम जनता में ठेकेदार की कार्यप्रणाली को लेकर भारी आक्रोश है। निर्माण के नाम पर बिना किसी बैरिकेडिंग के 4 मीटर गहरी खाई खोद दी गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा के ठीक सामने मलबे और खुदाई के कारण ग्राहकों का शाखा तक पहुंचना दूभर हो गया है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा ऐसी शाखा है, जहां पर आसपास गांव के हजारों लोग प्रतिदिन लेनदेन के चलते आते हैं, लेकिन नाला खुदाई से पहले समुचित रूप से कोई व्यवस्था न किए जाने से स्थानीय लोग बैंक आने जाने में परेशान हो रहे हैं।

### जिम्मेदारों की अनदेखी

- स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कार्यदायी संस्था और ठेकेदार ने निर्माण शुरू करने से पहले योजना बनाई होती, तो आज स्थिति बेकाबू न होती। मौके पर मोहल्ला के सतीश शर्मा, गौरव चौहान, केशव त्रिवेदी, संदीप शर्मा आदि ने बताया कि विकास के नाम पर विनाश बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

"कार्यदायी संस्था की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी यदि निर्माण कार्य के दौरान राजमार्ग प्रभावित हो रहा है तो निश्चित ही ठेकेदार की कमी है। विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर समस्या को दूर कराया जाएगा।

–संजीव दीक्षित (एसडीएम बिल्हौर)

# अपराध रोकने को बढ़ाई जाएगी गश्त : अमित सिंह

**शिवराजपुर।** इंस्पेक्टर वरुण शर्मा का शिवराजपुर थाना इंचार्ज से ट्रांसफर होने के बाद शनिवार को नए थाना अध्यक्ष अमित सिंह ने थाने का चार्ज संभाला।

इस मौके पर उन्होंने सबसे पहले अपने स्टाफ के साथ बैठक की और क्षेत्र के बारे में जानकारी अर्जित की। बाद में पत्रकारों से वार्ता करते हुए थाना अध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि अपराध को नियंत्रित करने के लिए गश्त बढ़ाई जायेगी किसी भी अपराधी को किसी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। अपराध को नियंत्रित करने के लिए गस्त के साथ-साथ रात में अपरिचित लोगों से पूछताछ की जाएगी। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि कोई भी पीड़ित अपनी शिकायत थाने जाकर दर्ज करा सकता है। किसी को भी परेशानी नहीं होगी।


विजेता को दिया पुरस्कार। अमृत विचार

### गौरी भल्ला बनी विजेता

**कानपुर।** हडर्ड हाई स्कूल, सिविल लाइंस में 12वीं (सत्र 2025-26) के उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए स्नातक समारोह-2026 का आयोजन लाजपत भवन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय गीत से हुई। समारोह में दीनानाथ ग्रुप के चेयरमैन योगेश सचान, हडर्ड हाई स्कूल के चेयरमैन डॉ सौरभ सचान, मुख्य अतिथि एनके नेब, विद्यालय की प्रधानाचार्या लुईसा जोसेफ भी मौजूद रहीं। समारोह के दौरान कक्षा 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए।


आचार्य चंद्रेश महाराज को भगवान राम का चित्र भेंट करते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। अमृत विचार

### विधानसभा अध्यक्ष ने भगवा झंडा लहराकर किया शोभायात्रा का शुभारंभ

**कानपुर :** बिधनू कठेरुआ गांव में रविवार को होने वाली कष्टभंजन हनुमान जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा से पहले शनिवार को भव्य शोभायात्रा का विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना जी भगवा झंडा लहराकर शुभारंभ किया। इस दौरान मंदिर में चन्द्रेश जी महाराज ने विधान सभा अध्यक्ष का तिलक करने के बाद पगड़ी व अंगवस्त्र पहनाकर राम दरबार भेंट किया। साथ ही मोहिनी मिश्रा ने कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार का माल्यार्पण स्वागत किया। इस दौरान सतीश महाना ने शोभायात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में कष्टभंजन हनुमान कि प्राण प्रतिष्ठा सभी कष्टों को मिटाकर लोगों के लिए कल्याणकारी है। उन्होंने का कि मूर्ति की स्थापना भक्तों की अपने इष्ट के प्रति विश्वास व श्रद्धा का प्रतीक है।

